ASIAN AMERICANS
ADVANCING
JUSTICE
ATLANTA

COVID-19 जॉर्जिया मतदाता मार्गदर्शिका:

मेल द्वारा मतदान करने से संबंधित बुनियादी सूचनाएं, आपकी जानकारी के लिए मूलभूत ज्ञान और बहुधा पूछे गए प्रश्न।

COVID-19 के खतरे ने जॉर्जिया राज्य को अपने राष्ट्रपति पद के प्राथमिक प्रारंभिक चुनावों को 9 जून 2020 तक आगे बढ़ाने के लिए मजबूर किया है। यह अभूतपूर्व महामारी तेजी से राज्य में फैल गई है, जिससे चुनाव अधिकारियों ने हमारे वोट करने के तरीकों में व्यापक बदलाव किया है यद्यपि हमारे चुनाव जारी रहेंगे, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। सुरक्षित तरीके से मतदान करने का एक विकल्प मेल द्वारा मतदान करना है।

1. 14 मार्च, 2020 को, जॉर्जिया ने इसके प्राथमिक मतदान को 24 मार्च से 9 जून तक बढ़ा दिया

क. जॉर्जिया ने मूल रूप से दो प्राथमिक के लिए योजना बनाई, जिसमें 24 मार्च को राष्ट्रपति वरीयता चुनाव और 19 मई को आम प्रारंभिक मतदान होना था। यद्यपि हमारे राज्य सचिव ने COVID-19 से बीमारी के खतरे के कारण दोनों प्राथमिक चुनाव को विलंबित कर दिया है। अब दोनों चुनाव 9 जून को होंगे।

ख. पहले क्रम में दो चुनाव क्यों हुए?

I. **24 मार्च**. पूर्व-निर्धारित 24 मार्च के चुनावों में जॉर्जिया के राष्ट्रपति वरीयता प्राथमिक ("पीपीपी") चुनाव शामिल थे। पीपीपी चुनाव नवंबर में होने वाले आम चुनाव में राष्ट्रपति के लिए प्रत्येक पार्टी के उम्मीदवार का निर्धारण करता हैं। 24 तारीख को अन्य चुनाव भी निर्धारित किए गए थे, जिनमें स्थानीय शेरिफ रेसेस और विशेष उद्देश्य वाले स्थानीय-विकल्प बिक्री कर (SPLOSTs) के मतदान शामिल थे।

ii. **19 मई**. बदलाव से पहले, 19 मई की प्राथमिक चुनाव में नवंबर के आम चुनाव के लिए कई स्थानीय, राज्य और संघीय स्तरीय उम्मीदवारों का चयन करना था और कुछ स्थानों पर स्थानीय गैर-पक्षपातपूर्ण आम चुनावों को भी शामिल करना था।

iii. **9 जून.** अब जारी स्वास्थ्य चिंताओं के कारण, दोनों प्राथमिक चुनावों की नई तारीख 9 जून, 2020 होगी।

2. मार्च के शुरुआत में मतदान करने वाले मतदाता, 9 जून को भी वोट कर सकते हैं

क. 24 मार्च के प्राथमिक मतदान में प्रारंभिक मतदाताओं द्वारा (मेल या व्यक्तिगत रूप से) उन चुनावों के लिए अपने मतों का दान किया है। वे अभी भी 9 जून को प्राथमिक मतदान कर सकेंगे। ये मतदाता

ASIAN AMERICANS ADVANCING JUSTICE ATLANTA

आम प्राथमिक चुनावों में मतदान कर सकेंगे, जो कि 24 मार्च के चुनाव में शामिल नहीं थे। मतदाता पहले से किए किसी भी चुनाव में पुनः मतदान नहीं करेंगे।

ख. क्या होगा यदि मैंने पहले मतदान नहीं किया, क्या मैं अभी भी 24 मार्च के चुनाव में उम्मीदवारों के लिए मतदान कर सकता हूं?

I. **हाँ।** मार्च में मतदान नहीं करने वाले मतदाताओं को पीपीपी और आम प्राथमिक चुनाव दोनों के लिए विकल्पों के साथ एक मतपत्र प्राप्त होगा।

3. जॉर्जिया में COVID-19 के संक्रमण को कम करने में मदद करने के लिए मतदाता मेल द्वारा वोट कर सकते हैं।

क. दूरस्थ मतदान या मेल द्वारा वोट देने का तात्पर्य है कि लोग मेल द्वारा अपना आधिकारिक वोट डाल सकते हैं। आपको एक मतपत्र के लिए अनुरोध करना होगा। दूरस्थ मतदान करने वाले जॉर्जियाई एक पेपर मतपत्र को भर कर या तो अपना वोट मेल कर सकते हैं या अपने काउंटी चुनाव कार्यालय में इसे छोड़ सकते हैं।

ख. आप मेल द्वारा कैसे मतदान करेंगे?

I. **एक मतपत्र आवेदन का अनुरोध करें और प्राप्त करें।** दूरस्थ मतदान आवेदन पत्र का अनुरोध करना मेल द्वारा मतदान करने का पहला कदम है। आवेदन पूरा होने और काउंटी रजिस्ट्रार को भेजे जाने के बाद, रजिस्ट्रार आवेदन की प्रक्रिया शुरू करेगा। यह मानते हुए कि मतपत्र की अर्जी में कोई समस्या नहीं है, मतदाता को एक आधिकारिक मतपत्र भेजा जाएगा।

1. मैं मतपत्र के लिए आवेदन "कैसे" करूं? दूरस्थ मतपत्र के अर्जियों को मेल, फैक्स या ईमेल द्वारा स्थानीय काउंटी चुनाव बोर्ड के कार्यालयों में भेजा जा सकता है। हालांकि, एक पूर्ण मतदान पत्र को मेल या व्यक्तिगत तौर पर अवश्य वापस किया जाना चाहिए। आप जॉर्जिया में दूरस्थ मतदान के बारे में अधिक जानकारी **यहाँ** पा सकते हैं।

2. मुझे एक मतपत्र आवेदन कैसे "प्राप्त" होगा? काउंटी के अधिकारी डाक द्वारा मतपत्र के लिए अनुरोध भेजेंगे। हाल ही में, जॉर्जिया के राज्य सचिव के कार्यालय ने सभी सक्रिय मतदाताओं के लिए मतपत्रों को डाक से भेजा है - इसलिए सक्रिय मतदाताओं को मतपत्र आवेदन के लिए अनुरोध भेजने की आवश्यकता नहीं है।

ii. **अपने आधिकारिक मतपत्र को प्राप्त करने और इसे वापस भेजने के लिए प्रतीक्षा करें।** आधिकारिक मतपत्र का उपयोग वोट डालने के लिए किया जाता है। मतपत्र आगामी चुनाव में उम्मीदवारों की सूची

देगा। मतदाता अपने उम्मीदवारों का चुनाव मतपत्र द्वारा करेगा और पूर्ण मतपत्र को वापस काउंटी को भेज देगा। चुनाव में मतपत्र को गिने जाने के लिए, मतपत्र का चुनाव के दिन शाम सात बजे से पहले मेल या व्यक्ति द्वारा प्राप्त हो जाना चाहिए।

ग. क्या 19 मई के लिए मेरा दूरस्थ मतपत्र 9 जून के लिए भी उपयोगी होगा?

i. मार्च के अंत में, स्थानीय काउंटियों ने सभी सक्रिय मतदाताओं को दूरस्थ मतपत्र अनुरोध पत्र भेजें। ये अनुरोध पत्र 19 मई के चुनाव के लिए थें। यद्यपि, 9 अप्रैल को चुनाव आगे 9 जून तक विलंबित कर दिया गया था। राज्य सचिव के कार्यालय ने पुष्टि की है कि 19 मई को जो भी आवेदन भेजे गए थे, उनका उपयोग 9 जून के चुनाव के लिए किया जा सकता है, भले ही उनके पास प्रपत्र पर पहले की तारीख लिखी हो।

घ. क्या मैं अपने दूरस्थ मतदान को ऑनलाइन ट्रैक कर सकता हूं?

i. हाँ। एक बार दूरस्थ मतदान का अनुरोध करने और भेजे जाने के बाद, मतदाता **यहां** माई वोटर पेज के माध्यम से अपने मतपत्र को ट्रैक कर सकते हैं। मतपत्र प्राप्त होने की पुष्टि करने के लिए मतदाता अपने स्थानीय निर्वाचन मंडल को भी इतला कर सकते हैं। मतपत्र के अनुरोधों की बढ़ी हुई संख्या के कारण, परिषद सवालों के जवाब देने में धीमा पड़ सकता है।

इ. यदि मुझे यह मालूम होता है कि मेरे द्वारा प्राप्त मतपत्र में त्रुटि है तो क्या होगा?

i. **इसकी तत्काल रिपोर्ट करें।** दूरस्थ मतपत्र पर खोजी गई किसी भी त्रुटि की सूचना आपके स्थानीय काउंटी बोर्ड ऑफ़ इलेक्शन ऑफिस को जल्द से जल्द देनी चाहिए। आपके बोर्ड या रजिस्ट्रार से संपर्क करने की जानकारी **यहाँ** पाई जा सकती है।

च. यदि मैं अपने मतपत्र पर कोई गलती करता हूं और उसे भेज देता हूं तो क्या होगा?

i. **मेल करने या भेजने के बाद आप अपना वोट नहीं बदल सकते।** मतदाता अपने मतपत्रों को जमा करने के बाद अपना वोट नहीं बदल सकते, भले हीं वे रिक्त स्थान को खाली हीं छोड़ दें। मतदाता यदि महसूस करते हैं कि उन्होंने अपने मतपत्रों के खंडों को खाली छोड़ दिया हैं या चयन के बारे में अपना मन बदल चुके है, तो उन्हें पता होना चाहिए कि एक बार चुनाव बोर्ड को भेजे जाने के बाद मतपत्र में परिवर्तन करने की क्षमता नहीं होती हैं।

ii. **आपके मतपत्र के भेजने के बाद कुछ त्रुटियों को सुधारा जा सकता है।** यदि निर्वाचन मंडल को मतपत्र में कोई त्रुटि मिलती है, जैसे कि हस्ताक्षर जैसी आवश्यक जानकारी का एक टुकड़ा गायब होना - जो उसे गणना करने से रोक सकती है - ऐसी परिस्थिति में बोर्ड मतदाता को फोन और / या मेल द्वारा संपर्क करेगा ताकि उसे ठीक करने का अवसर मिल सके।

ASIAN AMERICANS ADVANCING JUSTICE ATLANTA

छ. क्या मैं अभी भी अपने मतपत्र पर पार्टियों का चयन कर सकता हूं?

i. **हाँ।** प्रत्येक मतपत्र में पार्टी वरीयता शामिल होगी क्योंकि 9 जून के चुनाव में राष्ट्रपति पद के प्राथमिक उम्मीदवार शामिल हैं।

4. मेल द्वारा मतदान करने के लिए आपको एक आईडी की आवश्यकता हो सकती है।

क. केवल पंजीकृत मतदाता डाक से मतदान कर सकते हैं। यदि आपने मतदान करने के लिए पंजीकरण किया है और पंजीकरण पहचान के आवश्यक प्रपत्रों में से किसी एक की एक प्रति प्रस्तुत नहीं की है, तो आपको अपने मतपत्र पैकेज के साथ पहचान पत्र प्रदान करने के लिए सूचना प्राप्त होगी। स्वीकार्य पहचान पत्र की प्रतियां आपके मतपत्र के साथ बाहरी लिफाफे में रखी जानी चाहिए। याद रखें, मतदान के बाद प्राप्त मतों की गिनती नहीं की जाएगी।

5. सभी दूरस्थ मतपत्रों का अनुरोध ज्यादा से ज्यादा 5 जून तक किया जाना चाहिए।

क. सभी दूरस्थ मतपत्रों का अनुरोध 5 जून तक किया जाना चाहिए। यद्यपि, अपेक्षित बढ़ी हुई अनुरोध की संख्या, और COVID-19 के कारण यूएस मेल सेवा की धीमी गति के कारण, यह दृढ़ता से सुझाव दिया जाता है कि मतदाता अपना दूरस्थ मतपत्र के अनुरोध को पूरा करें और खुद इसे जितनी जल्द हो सके वापस भेजें और मतपत्र को जमा करें।

6. 9 जून को एक प्राथमिक चुनाव है और इसमें पहले से निर्धारित 24 मार्च और 19 मई के चुनाव के उम्मीदवार शामिल होंगे।

क. पुनरावृत्ति और सामान्य प्रश्न:

i. **मुझे डाक मतदान द्वारा दूरस्थ / मत कैसे प्राप्त होगा?** जॉर्जिया के राज्य सचिव के अनुसार, सभी सक्रिय मतदाताओं को मेल से दूरस्थ मतदान आवेदन पत्र प्राप्त होगा। राज्य सचिव के कार्यालय को 31 मार्च के पहले इन्हें भेजने के लिए निर्धारित किया गया था। कोई भी पंजीकृत मतदाता इस अनुरोध पत्र को भर सकता है और उन्हें भेजे जाने वाले मतपत्र के लिए वापस आ सकता है। आप यहाँ माई वोटर पेज पर सीधे लॉग इन करके दूरस्थ मतदान का अनुरोध कर सकते हैं।

ii. **मैं डाक मतदान द्वारा दूरस्थ / वोट का अनुरोध कैसे कर सकता हूं?** दूरस्थ मतदान अनुरोधों को मेल, फैक्स या ईमेल द्वारा स्थानीय काउंटी चुनाव बोर्ड के कार्यालयों में भेजा जा सकता है। यद्यपि, भरा हुआ मतपत्र मेल या उस व्यक्ति द्वारा लौटाया जाना चाहिए। आप जॉर्जिया में दूरस्थ मतदान के बारे में अधिक जानकारी यहाँ पा सकते हैं।

iii. यदि मैं "सक्रिय मतदाता" नहीं हूँ तो क्या मैं फिर भी स्वचालित रूप से मतपत्र प्राप्त करूंगा? राज्य सचिव का कार्यालय स्वचालित रूप से केवल सक्रिय मतदाताओं को दूरस्थ मतदान आवेदन मेल करेगा। सभी मतदाता जो इस बारे में अनिश्चित हैं कि वे सक्रिय हैं या निष्क्रिय हैं, उन्हें **यहां** अपनी स्थिति की जांच करनी चाहिए। पंजीकृत मतदाता अभी भी माई वोटर पेज पर लॉग इन करके और **यहाँ** एक मतपत्र आवेदन का अनुरोध कर सकते हैं। चाहे राज्य सचिव मतदाता को मतपत्र भेजें या नहीं, कोई भी पंजीकृत मतदाता अभी भी यहां सीधे माई वोटर पेज पर लॉग इन करके मतपत्र के लिए अनुरोध कर सकता है।

iv. यदि मुझे मेल में मेरा दूरस्थ आवेदन नहीं मिलता है, तो क्या होगा? यदि आपको मेल में अपना दूरस्थ मतपत्र आवेदन नहीं दिखता है, तो आप यहाँ माई वोटर पेज पर लॉग इन करके, या एक अनुरोध भरकर और उसे डाक द्वारा भेजकर मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं। आप अनुरोध की एक प्रति **यहां** पा सकते हैं।

v. क्या मेल द्वारा मतदान सुरक्षित है? मेल द्वारा मतदान व्यक्ति के लिए मतदान का एक सुरक्षित विकल्प है। मतपत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करें, लिफाफे के अंदर अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सील करके एक आधिकारिक यूएसपीएस मेलबॉक्स में लिफाफे को छोड़ दें, या अपने स्थानीय काउंटी रजिस्ट्रार के पास छोड़ दें। आपके मतपत्र की जानकारी का उपयोग आपके वोट डालने के लिए किया जाएगा। ध्यान रखें कि मेल के किसी भी खंड का खोना संभव है, यदि इसे आधिकारिक यूएसपीएस मेलबॉक्स में नहीं रखा गया हो। अपने मतपत्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका है कि लिफ़ाफ़े पर दिए गए निर्देशों का पालन करें और इसे आधिकारिक यूएसपीएस मेलबॉक्स में वापस मेल करें या इसे सीधे अपने काउंटी रजिस्ट्रार को वितरित करें।

vi. क्या मुझे अपना आवेदन और मतपत्र वापस भेजने के लिए डाक का भुगतान करना होगा? हाँ। फिलहाल, मतदाता को अनुरोध (यदि डाक के माध्यम से भेजा जाता है) या पूर्ण मतपत्र वापस करने के लिए अपने स्वयं के डाक का भुगतान करना होगा। चुनावों के कुछ स्थानीय बोर्ड ऐसे लिफाफे पेश कर सकते हैं जो कि पुर्वदत्त हैं, यद्यपि सभी जगहों से इसकी पुष्टि नहीं की गई है कि ऐसा कुछ है। मेल द्वारा वोट को और अधिक सुलभ बनाने के लिए कई संगठन इस प्रक्रिया को बदलने के लिए काम कर रहे हैं।

vii. क्या मैं अभी भी पहले मतदान कर सकता हूं? हाँ। व्यक्तिगत पूर्वकालिक मतदान अभी भी उपलब्ध होगा यद्यपि पिछले चुनावों की तुलना में स्थान अधिक सीमित हो सकते हैं। पूर्वकालीक मतदान 18 मई से शुरू होगा। व्यक्तिगत रूप से मतदान करने से पहले, **यहां** माई वोटिंग पेज पर लॉग इन करके अपने मतदान स्थल की पुष्टि करें। 9 जून की समय-सीमा के पूर्व भी दूरस्थ मतपत्र भेजे जा सकते हैं, लेकिन चुनाव के दिन के बाद प्राप्त होने वाले, 9 जून के चुनावों के लिए नहीं गिना जाएगा।

viii. क्या हो, यदि मैं दिव्यांग हूं और यह मेरे लिए दूरस्थ मतपत्र प्रपत्रों को भरना और इसे वापस भेजना कठिन बना देता है? यदि आप सहज महसूस करते हैं और सक्षम हैं, तो आप किसी को अपने मतपत्र आवेदन और मतपत्र के साथ मदद करने के लिए कह सकते हैं। यदि वह विकल्प नहीं है, फिर भी आप 19 मई को व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकते हैं।

ix. क्या मैं अभी भी व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकता हूं? हाँ। व्यक्तिगत मतदान विकल्पों में, मतदान अभी भी चुनाव के दिन और शुरुआती मतदान के दौरान, दोनों उपलब्ध होंगे। COVID-19 की चिंताओं के कारण चुनाव के कुछ काउंटी बोर्ड मतदान स्थानों को बंद करने और / या स्थानांतरित करने का विकल्प चुन सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से मतदान करने से पहले, माई वोटिंग पेज पर लॉग इन कर **यहां** अपने मतदान स्थल की पुष्टि करें।

X. यदि मैं व्यक्तिगत रूप से मतदान करता हूं, तो क्या मैं अभी भी उस स्थान पर मतदान कर सकता हूं? यद्यपि कई मतदान स्थल खुले रहेंगे, कुछ स्थानों - विशेषकर जो वरिष्ठ केंद्रों में हैं - इन्हें स्थानांतरित या बंद किया जा सकता है। व्यक्तिगत रूप से मतदान करने से पहले, माई वोटिंग पेज पर लॉग इन कर **यहां** अपने मतदान स्थल की पुष्टि करें।

xi. व्यक्तिगत मतदान करने वाले लोगों को COVID-19 के जोखिम को कम करने के लिए कौन सी स्वास्थय संबंधी सावधानियां बरती गई है? राज्य सचिव के कार्यालय सभी काउंटियों को झाड़-पोछ की आपूर्ति भेज रहे हैं ताकि व्यक्तिगत मतदान यथासंभव सुरक्षित हो सके। मतदान से पहले और उसके दौरान मतदान स्थानों की सफाई की जाएगी।

COVID-19 जॉर्जिया मतदाता मार्गदर्शिका: मताधिकार संगठनों और गठबंधन सहयोगियों के साथ साझेदारी में मेल द्वारा मतदान पर बुनियादी सूचनाएं, आपकी जानकारी को बढ़ाने के लिए मूलभूत जानकारी और बहुधा पूछे गए प्रश्नों द्वारा संग्रहित किए गए थे, जो यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि मतदान का अधिकार सभी के लिए सुलभ और सुगम है।